भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 27
सोमवार, 05 फरवरी, 2024 (16 माघ,1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ानों के परिचालन में बाधा

***27#** **श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनवरी, 2024 में दिल्ली सहित उत्तर भारत में शीतलहर के कारण विमानपत्तनों से विमानों के परिचालन में दिक्कतें आईं, उड़ानों में विलंब हुआ और कई उड़ानों को निरस्त करना पड़ा;

(ख) दिल्ली के विमानपत्तनों पर शीतलहर के दौरान विमानों के परिचालन में बाधाएँ आने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या इन बाधाओं के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की गई है; और

(घ) क्या देश के विमानपत्तनों पर सरकार के वायदों के अनुरूप तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध/पर्याप्त नहीं हैं जिनके कारण शीतलहर के दौरान विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ और इस संबंध में स्थिति क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"उड़ानों के परिचालन में बाधा" के संबंध में दिनांक 05.02.2024 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 27 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख) – दिल्ली सहित उत्तर भारत में घने कोहरे/शीत लहर की स्थिति के कारण जनवरी, 2024 में उड़ान में देरी और उड़ानों के रद्द होने सहित उड़ान परिचालन में समस्याओं का सामना करना पड़ा।

दिल्ली विमानपत्तन पर शीत लहर के दौरान उड़ान परिचालन में व्यवधान के निम्नलिखित कारण हैं:

i. घने कोहरे की स्थिति रहने के कारण।

ii. कुछ विमानों के कैट III स्थितियों में उतरने में सक्षम नहीं होने और कुछ पायलटों के कैट III प्रमाणित नहीं होने के कारण।

(ग) और (घ) - मैसर्स एअर इंडिया और मैसर्स स्पाइसजेट लिमिटेड को पर्याप्त रूप से वर्तमान कैट III प्रमाणित योग्य पायलटों के साथ परिचालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे और उनके जवाबों के आधार पर फॉग विंडो के दौरान गैर योग्यता प्राप्त कैट III प्रमाणित पायलटों को तैनात करने के लिए मैसर्स एअर इंडिया और मैसर्स स्पाइसजेट लिमिटेड प्रत्येक पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

भारत में 06 हवाईअड्डे हैं जहाँ कैट III परिचालन हेतु रनवे प्रमाणित हैं जिनका विवरण निम्नलिखित हैः

1. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, नई दिल्ली।

2. चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, लखनऊ।

3. जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा।

4. श्री गुरु राम दास जी, अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अमृतसर।

5. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोलकाता।

6. केम्पेगौडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बेंगलुरू।

******